# सेंट्रल एग्जीक्यूटिव कमैटी की 23 मार्च 2025 को ऑनलाइन हुई मीटिंग की मिनट्स

23 मार्च 2025 को अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की केंद्रीय कार्यकारिणी की एक ऑनलाइन मीटिंग 11:00 से 1:00 बजे तक हुई, जिसमें 28 सदस्यों ने भाग लिया। उस दिन तीर्थंकर आदिनाथ भगवान के जन्म और तप कल्याण के कार्यक्रम में व्यस्त होने के बाद भी इस त्रैमासिक केंद्रीय कार्यकारिणी मीटिंग में 15 शाखाओ के पदाधिकारी एवं केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया।

- मीटिंग की शुरुआत 9 बार णमोकार मंत्र के उच्चारण से हुई।

- बैठक सर्वप्रथम सोम प्रकाश जैन राष्ट्रीय महामंत्री ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए बताया कि दिसंबर 2024 में हुए वार्षिक अधिवेशन के बाद यह पहली तिमाही मीटिंग है और इस मीटिंग का उद्देश्य यह है कि जिन सदस्यों को वार्षिक अधिवेशन में अपनी बात कहने का अवसर, समयाभाव के कारण नही मिल पाता है वे इस कार्यकारिणी मीटिंग के माध्यम से अपनी बात रख सके।

- सबसे पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे के जैन जी ने उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए इस बात पर संतोष प्रकट किया कि फोरम की यूनिट्स धीरे-धीरे अच्छी संख्या में एक्टिव हो रही है जिसका प्रमाण आज की उपस्थित से लगाया जा सकता है। उन्होंने विगत में सागर एवं सूरत यूनिट को विजिट किया और वहां के सदस्यों के साथ मीटिंग की। सागर यूनिट ने उनको आश्वासन दिया कि वह शीघ्र ही यूनिट में एक्टिविटीज करके यूनिट को पुनर्जीवित करेंगे।

- सूरत यूनिट में उनकी विजिट बहुत अच्छी रही और वहां के सचिव श्री अभिषेक जैन ने अपनी भावी योजनाओं के बारे में बतलाया।

- इसके बाद क्रम से जयपुर सेंट्रल, आगरा, बांरा, दिल्ली वेस्ट, गाजियाबाद, मेरठ, गुड़गांव,कोटा,ललितपुर, नोएडा, सूरत,भोपाल, सागर, मुजफ्फरनगर एवं ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखाओ के प्रतिनिधियों ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की।

- इसी बीच श्री अरुण रपरिया जी पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने उपस्थित सदस्यों का मार्गदर्शन किया और इस बात पर अपनी प्रसन्नता जाहिर की कि वार्षिक अधिवेशन एवं तिमाही कार्यकारिणी की बैठक समय पर हो रही है। उन्होंने आजकल हो रहे बैंकों में फ्रॉड के बारे में बताते हुए सदस्यों को जागरूक किया और सभी यूनिट को अपने स्थान पर युवा सदस्यों, जो अभी बैंक सर्विस में है, उनको जोड़ने का आवाहन किया।

- भोपाल यूनिट के सचिव श्री प्रभात गोयल जी ने बताया कि श्री अरविंद जैन कैंसर पेशेंट जिनको फोरम द्वारा वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई गई थी उनका निधन हो गया है और अब उनके बच्चों को शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता की आवश्यकता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जै के जैन जी जो तीर्थंकर आदिनाथ एजुकेशन ट्रस्ट के भी अध्यक्ष हैं, उन्होंने श्री गोयल जी को कहा, उनके शिक्षा मे

वित्तीय सहायता के लिए प्रार्थना पत्र भिजवा दे। वह ट्रस्ट से उनको सहायता  दिलाने का प्रयत्न करेंगे। श्री गोयल जी ने यह भी बताया कि वह शीघ्र ही जबलपुर यूनिट को विजिट करके एक्टिवेट करेंगे। श्री गोयल जी ने यह सुझाव भी दिया कि फोरम की एक्टिविटीज का वर्ष जो अभी 1 सितंबर से 31 अगस्त तक है उसको कैलेंडर ईयर कर दिया जाए।

- गाजियाबाद यूनिट के सचिव श्री वी के जैन जी ने सूचित किया कि अधिवेशन में सभी यूनिट के प्रतिनिधियों को बोलने का अवसर दिया जाना चाहिए। यूनिट स्तर पर फोरम का अकाउंट खोलने में जो व्यवधान आ रहा है उसका हल निकाला जाए जिस पर राष्ट्रीय महासचिव सोम प्रकाश जी ने बताया कि फोरम की रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया बहुत तेजी से चल रही है। आशा है हम इस कार्य में शीघ्र सफल होंगे और रजिस्ट्रेशन होने पर पैन कार्ड आदि बन जाएंगे फिर अकाउंट खोलने में कोई परेशानी नहीं होगी।

- वार्षिक अधिवेशन में सभी यूनिट के प्रतिनिधियों को समयाभाव के कारण बोलने का समय नहीं मिल पाता, इसीलिए तिमाही अंतराल पर कार्य कार्यिणी की बैठक की जाती है, जिसमें सभी यूनिट अपनी बात रख सकते हैं।

- मेरठ के सचिव श्री सुधीर जैन ने अपनी शाखा में अप्रैल महीने में करियर काउंसलिंग कार्यक्रम रखना की योजना बनाई है। उसके लिए उन्होंने किसी काउंसलर की जानकारी   चाहिए। उनको बतलाया गया की श्री जे के जैन जी एक बहुत अच्छे करियर काउंसलर को इस कार्यक्रम के लिए उन्हें उपलब्ध करा देगें।

- पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री के के जैन जी ने उदयपुर के अन्य धार्मिक कार्यों में व्यस्त होने के बावजूद भी मीटिंग में अपनी सहभागिता दी और उपस्थित सभी सदस्यों का मार्गदर्शन किया।

- अंत में श्री आर के जैन जी   कार्यकारी अध्यक्ष जी ने सभी सदस्यों का इस मीटिंग में भाग लेने के लिए धन्यवाद किया।

सोम प्रकाश जैन, राष्ट्रीय महामंत्री

# सेंट्रल एग्जीक्यूटिव कमैटी की 10 नवंबर 2024 को ऑनलाइन हुई मीटिंग की मिनट्स

● मीटिंग का शुभारंभ उपस्थित सदस्यों द्वारा णमोकार मंत्र के उच्चारण द्वारा किया गया।
● उसके पश्चात श्री पवन जैन अध्यक्ष गुड़गांव यूनिट द्वारा मंगलाचरण किया गया।
● श्री आर के जैन एग्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट कोटा द्वारा उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया।
● तत्पश्चात श्री जे के जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष का उद्बोधन हुआ। उन्होंने बताया फोरम को स्थापित हुए 11 वर्ष हो गए और अब आठ राज्यों में फोरम की 33 यूनिट्स है। वर्तमान में इसी वर्ष सूरत शाखा का गठन किया गया है
● सर्वसम्मति से आगामी वार्षिक अधिवेशन 22 दिसंबर 2024 को ऋषभ विहार मंदिर नई दिल्ली में आर्षमति माताजी (शिष्या आचार्य श्री ज्ञानसागर) के सानिध्य में करने का निर्णय लिया गया। बाहर से आने वाले सदस्यों के ठहरने की व्यवस्था निकटतम स्थान ओसवाल भवन विवेक विहार में की गई है। समारोह स्थल पर प्रात 9:00 बजे से ब्रेकफास्ट की व्यवस्था रहेगी एवं लगभग दो से 2:30 बजे के बीच लंच की व्यवस्था रहेगी।
● सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अधिवेशन में भाग लेने वाले सदस्यो से कंट्रीब्यूसन ₹500 प्रति सदस्य रखा जाए।
● श्री प्रभात गोयल जी ने बताया कि फोरम की सभी यूनिट्स में एक्टिविटीज की यूनीफा ॅरमिटी नहीं है अतः केंद्र द्वारा प्रत्येक तिमाही के लिए एक कैलेंडर बनाया जाए और सभी यूनिट्स उसको फॉलो करें उसी के हिसाब से अपने यूनिट में कार्यक्रम रखें। भोपाल यूनिट द्वारा जन्मदिन पर प्रत्येक सदस्य के घर जाकर उपहार देकर उनका जन्मदिन मनाने की परम्परा की सराहना की गई।
● श्री प्रवीण जैन अध्यक्ष मुजफ्फरनगर ने भविष्य में और अधिक कार्यक्रम रखने का आश्वासन दिया।
● श्री आर बी जैन अध्यक्ष नोएडा ने भी भविष्य में और अधिक सदस्यता बढ़ाने और अधिक कार्यक्रम रखने का आश्वासन दिया।
● श्री वी के जैन सचिव गाजियाबाद यूनिट ने फोरम के रजिस्ट्रेशन पर बल दिया। सोम प्रकाश जैन राष्ट्रीय महासचिव ने सूचित किया कि यह कार्य अब तकनिकी कारण से श्री विमल कांत जैन तकनीकी मंत्री को सोपां गया है क्योंकि तकनीकी कारण से इस में विलंब हो रहा था। श्री विमल कांत जी ने आश्वासन दिया कि निकट भविष्य में वह रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को पूरा कर देंगे।
● श्री विमलेश जैन जी सचिव उज्जैन ने भी आश्वासन दिया कि भविष्य में उज्जैन यूनिट को पुनर्जीवित किया जाएगा।
● श्री के के जैन पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वर्तमान संरक्षक द्वारा अपना विचार रखा गया कि अधिवेशन में भाग लेने वाले अधिक से अधिक सदस्यों को बोलने का मौका मिलना चाहिए और कार्यक्रम दो दिन का रखा जाए जिसमें नाइट स्टे का भी कार्यक्रम हो।
● राष्ट्रीय महासचिव ने अवगत कराया कि गेस्ट स्पीकर्स द्वारा अधिक समय लेने के कारण अधिवेशन में यूनिट्स के सदस्यों को अपनी बात रखने का समय नहीं मिल पाता है
● श्री अरुण रपरिया जी पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष एवं वर्तमान संरक्षक द्वारा ने अपना विचार रखा कि गेस्ट स्पीकरस को अब की बार साइबर क्राइम पर बोलने का विषय दिया जाए।
● श्री अंकित जैन सचिव ट्रांस हिंडन यूनिट द्वारा किए जा रहे अच्छे कार्य की सराहना की गई।
● श्री कमलेश जैन जयपुर ने विचार रखा की संगठन को और मजबूत किया जाए जिससे कि अधिक से अधिक सदस्य जुड़े श्री कमलेश जी ने सर्विस के मुकाबले व्यवसाय को प्रमोट करने का विचार रखा। हमें बताते हुए प्रसन्नता है कि श्री कमलेश जैन जी आनरैरी सेक्रेट्री राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स पर नियुक्त हुए हैं, उनको इसके लिए बहुत-बहुत बधाई दी गई और सभी ने कर्तल ध्वनि से उनका स्वागत किया। श्री कमलेश जी ने विचार रखा कि अधिवेशन तीर्थ स्थान पर रखा जाए और दो-तीन दिन का कार्यक्रम रखा जाए। श्री कमलेश जी से आग्रह किया गया कि वह जयपुर यूनिट को एक्टिवेट करवाने में फोरम सहायता करें।
● श्री अभिषेक जैन ट्रांस हिंडन यूनिट द्वारा बताया गया कि श्री अभिषेक जैन कैंसर पीड़ित के लिए आव्हान करने वाली चारू जैन उनके रिश्तेदार ही है।
● श्री वी के जैन दिल्ली वेस्ट ने बताया कि उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे के जैन के साथ मिलकर यूनिट को पुनर्गठन करके पुनर्जीवित करने की योजना बनाई है निकट भविष्य में इसके अच्छे परिणाम दिखाई देंगे।
● कार्यक्रम के बीच में श्रीमती चारू जैन (सदस्या गुड़गांव यूनिट) जिनके आव्हान पर श्री अभिषेक जैन कैंसर पीड़ित के लिए आर्थिक मदद की जा रही है उन्होंने आकर फोरम का धन्यवाद किया। यह भी बताया गया कि कैंसर पेशेंट की सहयोग के लिए जैन बैंकर्स फोरम की विभिन्न शाखाओ द्वारा Rs.407604/- का योगदान दिया गया जिसके लिए योगदान देने वाले सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया
● सोम प्रकाश जैन राष्ट्रीय महासचिव ने बताया कि वरिष्ठ सदस्यों के मीटिंग और अधिवेशन में आने से यूनिट्स को और सदस्यों को प्रेरणा मिलती है। पिछले एग्जीक्यूटिव कमिटी की मीटिंग में श्री के के जैन द्वारा साइबर क्राइम पर गोष्ठी आयोजित करने की सलाह दी गई थी, तो गुडगांव यूनिट द्वारा साइबर क्राइम पर गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें लगभग 350 सदस्य उपस्थित थे। सभी को गोष्ठी के बाद भोजन की व्यवस्था की गई थी। राष्ट्रीय महासचिव द्वारा यह भी आश्वासन दिया क्या की इस वर्ष के वार्षिक अधिवेशन में साइबर क्राइम के ऊपर बोलने के लिए किसी एक्सपर्ट को बुलाने का प्रयास किया जाएगा।

● राष्ट्रीय सचिव ने बतलाया कि यूनिट्स एक्टिविटी करती हैं परंतु इसकी रिपोर्टिंग तत्काल फोटो सहित केंद्रीय ग्रुप में नहीं करती हैं।
● इस वर्ष ट्रांसपेरेंसी रखने के लिए प्रत्येक माह यूनिट्स द्वारा की जा रही एक्टिविटीज का कंसोलिडेटेड स्टेटमेंट ग्रुप में प्रत्येक माह प्रेषित किया जाता रहा, जिससे सभी यूनिट्स यह जान सके कि कौन सी यूनिट क्या एक्टिविटी कर रही है और उससे प्रेरणा ले सकें।
● राष्ट्रीय सचिव ने आह्वान किया की यूनिट्स सदस्यता बढ़ाने के लिए और वर्तमान सदस्यों को जोड़े रखने के लिए मासिक/ त्रैमासिक अंतराल पर मीटिंग अवश्य करें।
● प्रत्येक यूनिट कम से कम एक स्थाई प्रोजेक्ट लेकर चलें, चाहे णमोकार मंत्र, भक्तामर स्तोत कुछ भी कर सकते हैं ताकि शाखा सदस्यों में परस्पर प्रेम एवं आत्मीयता बढ़ सके।
● फोरम के बायोलॉज के अनुसार एक यूनिट के पदाधिकारी का कार्यकाल अधिकतम 3 वर्ष है। 3 वर्ष के बाद चुनाव कराना आवश्यक है। पदाधिकारीगण अधिकतम दो कार्यकाल कर सकते है। इस प्रकार एक पदाधिकारी अधिकतम 6 वर्ष तक रह सकता है।
● कृपया सभी यूनिट्स यह सुनिश्चित करें कि उनके यहां कोई भी पदाधिकारी 6 वर्ष से अधिक किसी पद पर नहीं है और 3 साल के बाद उनको दोबारा चयनित कर लिया गया था।
● आज की मीटिंग में विभिन्न यूनिट्स के 30 सदस्यों ने सहभागिता की।
● अंत में श्री श्री अवधेश जैन आगरा वालों के द्वारा उपस्थित सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

सोम प्रकाश जैन
राष्ट्रीय महासचिव

**"एग्जीक्यूटिव कमिटी की 14 जनवरी 2024 को हुई मीटिंग की कार्यवाही"**

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फॉर्म की इस वर्ष की द्वितीय आनलाइन  एग्जीक्यूटिव कमिटी की मीटिंग 14 जनवरी 2024 को 3:30 बजे से 5:00 तक हुई जिसमें 18 यूनिट के 32 सदस्यों ने भाग लिया यद्यपि 42 सदस्यों ने मीटिंग अटेंड करने की सहमति दी थी।

- सर्वप्रथम नौ बार णमोकार मंत्र का उच्चारण किया गया उसके पश्चात श्री डीसी जैन सह सचिव गुड़गांव यूनिट द्वारा मंगलाचरण किया गया।

- उसके पश्चात राष्ट्रीय सचिव द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का आज की मीटिंग में भाग लेने के लिए स्वागत किया तथा 15 अक्टूबर 2023 को हुई एग्जीक्यूटिव कमैटी मीटिंग की कार्रवाई पढ़ी गई, जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

- सोम प्रकाश जैन राष्ट्रीय महासचिव गुड़गांव ने आज की मीटिंग का उद्देश्य के बारे में बतलाया:

- शिथिल यूनिट को एक्टिवेट करना

- माइनॉरिटी कमीशन की योजनाओ का लाभ जैन विद्यार्थियो, जैन व्यवसायीयो तथा जैन संस्थाओ को दिलाना।

- महा सचिव ने वार्षिक प्रगति रिपोर्ट के प्रारुप मे किए गए संशोधन के बारे मे अवगत कराया, और संशोधन का कारण समय परिवर्तन के साथ परिस्तिथियो मे आया बदलाव, प्रगति रिपोर्ट के मूल्यांकन मे पारदर्शिता लाना तथा सदस्यो से प्राप्त फीडबैक बताया।

- माइनॉरिटी कमीशन की योजनाओ पर विस्तृत चर्चा करने के लिए श्री अनिल जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष "अंतरराष्ट्रीय जैन अल्पसंख्यक संघ" को मीटिंग मे आमंत्रित किया गया था जिन्होने अवगत कराया कि उन्होंने 20 पॉइंट का ब्राउचर सभी योजनाओं के ऊपर बनाया हुआ है जिसमें छात्रों के लिए ढाई लाख वार्षिक आय से कम वालों के विद्यार्थियों को वजीफा एवं फीस माफी तथा उच्च शिक्षा ऋण के प्रावधान है। सीखो और सिखाओ योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षण के दौरान स्टेप्ड मिलता है। व्यवसाईयों को योजना के अंतर्गत ऋण लेने के लिए प्रोजेक्ट बनाकर गवर्नमेंट को देना होगा।अल्पसंख्यक कमीशन की योजनाएं केंद्रीय एवं स्टेट सरकार  दोनों द्वारा चालू है। प्रोजेक्ट बनाकर एसडीएम को देना होगा। उन्होंने वार्ता के दौरान सदस्यों द्वारा उठाए प्रश्नो का शंका समाधान भी किया और आश्वासन दिलाया कि कोई भी सदस्य उनको सीधे या फोरम के अध्यक्ष श्री जे के जैन जी, (जिन्होंने उनको विशेष आग्रह कर आमंत्रित किया था),  उनके माध्यम से उनसे संपर्क कर सकते हैं उन्होंने यह भी जानकारी दी कि "अल्प संख्यक संघ" में श्री कुंडों (जैन) जी दक्षिण भारत से कमीशन के सदस्य है।

-सदस्यो द्वारा मागं की गई कि श्री अनिल जैन जी एवं श्री कुंडू जी का मोबाइल नंबर ग्रुप में उपलब्ध कराया जाए दिया जाए।

श्री अनिल जैन जी का करतल ध्वनी से धन्यवाद किया गया कि उन्होंने अल्पसंख्यक आयोग की सूचनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग प्रदान करते रहने का आश्वासन दिया।

-  इसके पश्चात महासचिव ने जानकारी दी की शिथिल शाखों को एक्टिवेट करने के लिए विगत में क्षेत्रीय पर्यवेक्षकों को नामित किया गया था जिन में:

श्री अवनी जैन आगरा

श्री सनत जैन ललितपुर

श्री वी के जैन गाजियाबाद

श्री राजीव जैन मुजफ्फरनगर

श्री अभिषेक जैन ट्रांस हिंडन

श्री पवन जैन गुड़गांव एवं श्री प्रभात गोयल जी भोपाल है।

महासचिव ने यह भी बताया कि सभी सदस्यों ने अपने स्तर पर  प्रयास किया लेकिन आशातीत परिणाम नजर नहीं आए। इसी लिए आज की मीटिंग का यह एक अहम बिंदु है। आज की मीटिंग में  सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किए गए थे।

- महासचिव ने अवगत कराया कि सागर यूनिट के श्री वीरेंद्र प्रधान जी एवं श्री अशोक सेठ जी ने उनको आश्वासन दिया है कि शीघ्र ही इकाई का पुनर्गठन करके यूनिट को एक्टिवेट किया जाएगा

- राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे के जैन जी द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा अपने क्षेत्र में कार्यरत चार शाखाएं दिल्ली वेस्ट, दिल्ली ईस्ट, नोएडा एवं मेरठ शाखा जो कि वर्तमान में सक्रिय नहीं है के अध्यक्ष एवं मंत्रियों से संपर्क किया उन्होंने आश्वासन दिया कि वह जल्द अपनी शाखा की मीटिंग करके अपनी शाखाओं को अवश्य ही सक्रिय करेंगे I

- श्री आर बी जैन जी अध्यक्ष नोएडा यूनिट से आग्रह किया गया कि मासिक अंतराल पर मीटिंग करके सदस्यों को एक्टिवेट करें जिसका उन्होंने आश्वासन दिया।

- सवाई माधोपुर से श्री मोहनलाल कासलीवाल जी ने भी आश्वासन दिया की यूनिट को शीघ्र एक्टिवेट करेंगे।

- श्री पवन जैन जी गुडगांव से महासचिव के साथ अलवर विजिट करके अलवर यूनिट को एक्टिवेट करेंगे।

- श्री सुनील जैन जी ने हिसार से आश्वासन दिया कि शीघ्र ही यूनिट का पुनर्गठन करके यूनिट को एक्टिवेट करेंगे।

- श्री के के जैन जी पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक ने सुझाव दिया कि आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज की जन्म जयंती पर वृक्षारोपण करके उनको याद किया जाए और यादगार बनाया जाए।

- श्री अरुण रपरिया जी ने सुझाव दिया कि जैन माइनॉरिटी कमीशन की शाखा राज्य एवं जिला स्तर पर खोली जाए जिससे अधिक से अधिक जैन इसका लाभ ले सकें।

- श्री प्रवीण जैन जी अध्यक्ष मुजफ्फरनगर ने सुझाव दिया कि सभी यूनिट्स के अध्यक्ष एवं सचिव की लिस्ट ग्रुप में डाली जाए जिससे एक दूसरे से संपर्क कर सकें।

- जयपुर से श्री बी सी जैन ने तीसरी बार सो रुपए वार्षिक सब्सक्रिप्शन का विषय उठाया, जिसका उनको श्री जे के जैन अध्यक्ष जी ने उत्तर दिया कि आज की डेट में कोई भी जैन बैंकर जयपुर में या किसी भी स्थान पर ऐसा नहीं है जो ₹100 वार्षिक वहन न कर सके।

- अंत मे श्री सनत जैन अध्यक्ष ललितपुर यूनिट द्वारा उपस्थित सभी सदस्यों का धन्यवाद प्रस्ताव के साथ मीटिंग समाप्त हुई।

सोम प्रकाश जैन
राष्ट्रीय महासचिव
गुड़गांव

# 15 अक्टूबर 2023 को हुई एग्जीक्यूटिव कमेटी की मीटिंग की मिनिट्स

आज दिनांक 15 अक्टूबर 2023 को एक ऑनलाइन एग्जीक्यूटिव कमिटी की कार्य कारिणी की मीटिंग दोपहर 2:00 बजे से 4:00 बजे तक हुई, जिसमें 23 एग्जीक्यूटिव मेंबर्स ने सहभागिता की।

- मीटिंग की शुरुआत नौ बार णमोकार मंत्र के उच्चारण से हुई। सोम प्रकाश जैन राष्ट्रीय महामंत्री ने सभी पार्टिसिपेंट्स का स्वागत किया।

- सबसे पहले राष्ट्रीय महामंत्री ने फंड्स की पोजीशन के बारे में पार्टिसिपेंट्स को अवगत कराया और आग्रह किया कि जिन सदस्यों ने अभी तक वन टाइम सब्सक्रिप्शन या जिन यूनिट ने 50% ऑफ मेंबर्स एनुअल सब्सक्रिप्शन केंद्र को नहीं भेजा है, वह आगामी 28 अक्टूबर को होने वाले अधिवेशन से पहले यह राशि प्रेषित कर दे।

- जयपुर यूनिट के श्री भागचंद जी जैन द्वारा यह सुझाव दिया गया की सब्सक्रिप्शन भेजे जाने के लिए एक अधिकतम राशि निश्चित कर दी जाए। इस पर राष्ट्रीय संरक्षक श्री के के जैन जी द्वारा बताया गया कि यह प्रस्ताव आपने गाजियाबाद में हुई साधारण सभा में भी रखा था, परंतु सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया था कि सब्सक्रिप्शन राशि की कोई अधिकतम सीमा निश्चित नहीं की जा सकती है। सदस्यता शुल्क शाखा की सदस्यता के आधार पर ही रहेगा।

- जयपुर के श्री भागचंद ने यह भी प्रस्ताव रखा कि क्या कोई यूनिट अपने स्थानीय स्तर पर अपनी शाखा के संविधान का अलग से रजिस्ट्रेशन करा सकती है, इस पर मीटिंग में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा एक मत से यह कहा गया कि संविधान केवल केंद्रीय कमेटी द्वारा पारित किया जा गया ही माना जाएगा कोई यूनिट अपने स्तर पर संविधान का रजिस्ट्रेशन नहीं कर सकती है।

- इसके बाद महामंत्री ने फोरम के रजिस्ट्रेशन में हुई प्रगति से अवगत कराया। हरियाणा में हमें फोरम के वर्तमान नाम का अप्रूवल नहीं मिला है, अतः अब गाजियाबाद यूपी में रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके लिए फोरम के बायलाज में एक संशोधन भी पारित हुआ कि फोरम का पता राष्ट्रीय अध्यक्ष अथवा राष्ट्रीय महासचिव का पता होगा जब तक फार्म का अपना कोई स्थाई पता नहीं बन जाता।

- अंत में सभी सदस्यों से आग्रह किया गया की मुरैना अधिवेशन में भाग लेने वाले सदस्यों की संख्या 16 अक्टूबर तक अवश्य बता दें, जिससे वहां पर रहने और खाने की समुचित व्यवस्था की जा सके।

- इस बात पर जोर दिया गया कि बायलाज के अनुसार फोरम का सदस्य वही है जो वार्षिक सब्सक्रिप्शन अपनी यूनिट को देता है और यूनिट उसका 50% केंद्र को प्रेषित करती है।

- मीटिंग का समापन गुड़गांव यूनिट के सचिव श्री राजेश जैन जो लंदन से मीटिंग में जुड़े हुए थे, उनके द्वारा धन्यवाद ज्ञापन द्वारा हुआ।

सोम प्रकाश जैन

राष्ट्रीयमहासचिव

# ABJBF Central Unit: 19.02.2023

दिनांक 19 फरवरी 2023 को केंद्रीय कार्यकारिणी की एक सभा गूगल मीट के माध्यम से आयोजित की गई जिसमें केंद्रीय कमेटी के 38 पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री डी सी जैन गुरुग्राम यूनिट के मंगलाचरण के पाठ के साथ किया गया उसके उपरांत अध्यक्ष श्री केके जैन जी द्वारा भाग लेने वाले सभी सदस्यों का स्वागत किया। मीटिंग का शुभारंभ करते हुए सर्वप्रथम महासचिव श्री जे के जैन द्वारा उन कारणों को बताया गया जिसके कारण हम ज्ञान तीर्थ मुरैना में अपना वार्षिक अधिवेशन आयोजित नहीं कर पाए। उन्होंने आह्वान किया कि अब यह वार्षिक अधिवेशन हम मार्च या अप्रैल महीने में करा सकते हैं। सभी सदस्यों से चर्चा के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वर्ष 2021-22 का वार्षिक अधिवेशन 23 अप्रैल रविवार के दिन कवि नगर जैन मंदिर गाजियाबाद में आयोजित किया जाए। वार्षिक अधिवेशन में होने वाले खर्चों पर चर्चा करते हुए बताया गया कि अधिवेशन में लगभग ₹100000 तक का खर्चा आएगा जिसमें चर्चा करने के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की गाजियाबाद शाखा अधिवेशन हेतु किसी स्पॉन्सर का प्रबंध करने का प्रयास करेगी एवं इस वर्ष से अधिवेशन में भाग लेने वाले सदस्यों के लिए ₹300 प्रति व्यक्ति रजिस्ट्रेशन शुल्क लागू किया जाए । उसके अतिरिक्त जो खर्चा आए उसे कुछ केंद्रीय पदाधिकारियों द्वारा व्यक्तिगत रूप से वहन किया जाएगा। महासचिव जेके जैन जी द्वारा अधिवेशन में सदस्यों द्वारा कम संख्या में सहभागिता दिए जाने की चिंता के संबंध में भी जिक्र किया गया। इसके लिए सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि जिन शाखाओं द्वारा जो नई शाखाएं खोली गई है उन शाखाओं के सदस्यों की सहभागिता के लिए वही शाखाएं जिम्मेदारी लेंगी। इसके लिए निम्न शाखाओं द्वारा उनके आगे लिखे नाम की शाखाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई:

भोपाल शाखा द्वारा - सागर जबलपुर एवं सतना शाखा
आगरा शाखा द्वारा- अलीगढ़ एटा फिरोजाबाद एवं हाथरस शाखा
जयपुर शाखा द्वारा - भीलवाड़ा एवं सवाई माधोपुर शाखा
गुरुग्राम शाखा द्वारा- हिसार रोहतक अलवर शाखा
ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा द्वारा - दिल्ली ईस्ट दिल्ली वेस्ट एवं नई खोली जाने वाली ग्वालियर शाखा
ललितपुर शाखा द्वारा- उज्जैन एवं झांसी शाखा
गाजियाबाद शाखा द्वारा- नोएडा एवं मेरठ शाखा
कोटा शाखा द्वारा - बारा (Raj.) शाखा
मुजफ्फरनगर शाखा द्वारा - देहरादून एवं सहारनपुर शाखा
श्री केके जैन जी द्वारा -बेंगलुरु शाखा

साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि उपरोक्त शाखाएं अपने से लिंक शाखाओं में कम से कम 3 माह में एक बार उन शाखाओं का दौरा करेंगे एवं उन्हें सक्रिय करने में अपना योगदान प्रदान करेंगी। शाखाओं की कार्यप्रणाली के बारे में चर्चा करते हुए महासचिव द्वारा बताया गया कि संविधान के अनुसार सभी शाखाओं का कार्यकाल 3 वर्ष है और चयनित पदाधिकारी दो कार्यकाल से अधिक एक पद पर नहीं रह सकते। साथ ही शाखा द्वारा कराए गए चुनाव की पुष्टि शाखा की साधारण सभा में कराया जाना आवश्यक है एवं साधारण सभा में पुष्टि के उपरांत ही नई कार्यकारिणी का कार्यकाल प्रारंभ होगा। साथ ही उन्होंने अनुरोध किया कि संविधान के अनुसार सभी सदस्यों को ₹100 प्रति वर्ष सदस्य शुल्क देना है जिसमें से 50% योगदान केंद्रीय कमेटी को प्रेषित किया जाना है परंतु अभी तक के अनुभव के अनुसार कोई भी शाखा हर वर्ष अपने सदस्यों से सदस्य शुल्क लेकर उसका 50% केंद्रीय कमेटी को प्रेषित नहीं कर रही है। इस संबंध में उनके द्वारा अनुरोध किया गया कि सभी शाखाएं यह सुनिश्चित करें कि वह अपनी शाखाओं से हर वर्ष ₹100 प्रति वर्ष सदस्यता शुल्क अवश्य प्राप्त कर उसका 50% केंद्रीय कमेटी को प्रेषित करें। सभी ने इस पर अपनी सहमति प्रकट की। महासचिव द्वारा केंद्रीय एवं शाखा स्तर पर स्पेशलिस्ट कमेटी बनाए जाने के ऊपर भी जोर दिया। उन्होंने बताया कि अभी केंद्रीय स्तर पर निम्न 3 कमेटिया कार्यरत है :

-विजिलेंस विभाग
-एजुकेशन लोन एवं हाउसिंग लोन
- बिजनेस लोन
-नेट बैंकिंग संबंधी
- साइबर क्राइम

परंतु क्योंकि इन समितियों के गठन किए हुए 6 से 7 वर्ष हो चुके हैं अतः एक बार पुन: उन सदस्यों की सहमति लेकर इन समितियों का पुनर्गठन किया जाएगा- साथ ही उन्होंने शाखाओं से भी अनुरोध किया कि वे भी अपनी शाखा स्तर पर इन विभागों में स्पेशलिस्ट सदस्यों के नाम उनकी सहमति लेकर हमें भेजें ताकि हम केंद्रीय स्तर पर उन कमेटियों का गठन कर सके एवं आवश्यकता पड़ने पर शाखाएं उनका सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें। इसी प्रकार की कमेटियां शाखाएं भी अपने स्तर पर गठित कर सकती हैं। फोरम के कुछ सदस्यों की भावनाओं को ध्यान रखते हुए कोर कमेटी में लिए गए निर्णय के अनुसार केंद्रीय कमेटी के प्रस्तावित पदाधिकारियों के नामों की चर्चा भी उनके द्वारा की गई। सभी सदस्य इस पर पूर्ण रूप से सहमत थे। सर्वसम्मति से इस लिस्ट को अंतिम रूप दिया गया एवं उसे साधारण सभा में अनुमोदित कराने के बाद लागू करने के लिए कहा गया। अंत में कार्यकारी अध्यक्ष श्री अरुण रपरिया जा द्वारा बहुत ही अच्छे वातावरण में मीटिंग का संपन्न होना एवं सभी सदस्यों द्वारा चर्चा में पूर्ण रूप से भाग लिए जाने एवं उनके द्वारा दिए गए बहुमूल्य सुझाव एवं सहभागिता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| केके जैन | जेके जैन | अरुण रपरिया | श्रेयांश कुमार जैन |
| राष्ट्रीय अध्यक्ष | राष्ट्रीय महासचिव | राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष | राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष |

**ABJBF Central Unit: 10.12.2022**

10 दिसंबर 2022 शनिवार को अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की केंद्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों की एक ऑनलाइन सभा गूगल मीट के माध्यम से आयोजित की गई जिसमें केंद्रीय कार्यकारिणी के लगभग 40 सदस्यों ने भाग लिया। इस मीटिंग मैं 22 जनवरी 2023 को आयोजित होने वाले वार्षिक अधिवेशन एवं 1 फरवरी से 6 फरवरी तक होने वाले पंचकल्याणक के विषय में विस्तृत चर्चा की गई।
सभा का शुभारंभ कार्यक्रम के होस्ट श्री अंकित जैन बार्कले बैंक द्वारा मंगलाचरण के पाठ के द्वारा किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री के के जैन जी द्वारा मीटिंग में भाग लेने वाले सभी सदस्यों का स्वागत किया।
राष्ट्रीय महासचिव श्री जेके जैन द्वारा अधिवेशन के संबंध में अभी तक हुई प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी दी उन्होंने बताया कि इस बार अधिवेशन आयोजन की जिम्मेदारी आगरा शाखा को प्रदान की गई है। उन्होंने सभी शाखाओं के अध्यक्ष एवं मंत्रियों से अनुरोध किया कि हमें प्रयास कर सभी शाखाओं से अधिक से अधिक संख्या में सदस्यों को अधिवेशन में भाग लेने के लिए प्रेरित करना है ताकि आचार्य श्री के बाद यह अधिवेशन एक यादगार अधिवेशन के रूप में संपन्न हो।
उन्होंने बताया कि अभी तक हमें जयपुर शाखा से लगभग 100 सदस्यों आगरा शाखा से लगभग 100 सदस्यों भोपाल शाखा से 18 सदस्यों एवं ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा से 15 सदस्यों की सहमति प्राप्त हो चुकी है।
पंचकल्याणक के संबंध में जानकारी देते हुए श्री जे के जैन द्वारा बताया गया कि अभी तक हमारे द्वारा आचार्य श्री के सानिध्य में जितने भी अधिवेशन हुए हैं उसमें हमारे द्वारा हमेशा वहां से कुछ न कुछ प्राप्त ही किया है हमने अपने पास से को ई भी पैसा खर्च नहीं किया है। अब यह पंचकल्याणक एवं ज्ञान तीर्थ के निर्माण में जो कार्य बचा है उसमें अपना सहयोग देकर हम अपनी सच्ची श्रद्धांजलि आचार्य श्री के प्रति प्रकट कर सकते हैं। उन्होंने अनुरोध किया कि सभी शाखाएं अपने सदस्यों से से अधिक से अधिक संख्या में पंचकल्याणक के जन्मोत्सव के अवसर पर अपनी भागीदारी दें एवं उसमें कलश के रूप में या निर्माण के रूप में अपनी सहयोग राशि प्रदान करें। इस अवसर पर निम्न 14 केंद्रीय पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा अपनी सहयोग राशि की घोषणा की गई :
पंचकल्याणक हेतु केंद्रीय कमेटी द्वारा की गई घोषणा

21000/- J. K. Jain
21000/- S.P.Jain
25000/- K.K.Jain Udaipur
11000/ P.C. Jain Bilala, Jaipur
21000/- A.K.Raparia, Agra
11000/- R.K.Jin, Kota
11000/- O.P.Jain, Gurugram
11000/- Babu Lal Jain, Jaipur
11000/- Pawan Kumar Jain, Gurugram
11000/- B.C.Jain, Jaipur
5100/- Prabhat Goel, Bhopal
5100/- Rajesh Jain, Gurugram
5100/- KVS Jain, Vaishali
5100/- Kamal Jain Sewa wale Jaipur

कुल ₹174400 की राशि के आश्वासन प्राप्त हुए हैं
श्री केके जैन, श्री जेके जैन एवं श्री अरुण रपरिया जी द्वारा सभी केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्यों एवं शाखा के अध्यक्ष एवं मंत्रियों से अनुरोध किया की इस अवसर पर कम से कम 10 से 15 लाख रुपए की सहयोग राशि यदि हमारी ओर से ज्ञानतीर्थ पंचकल्याणक एवं निर्माण के लिए पहुंचती हैं तो यह एक सच्ची

श्रद्धांजलि एवं जैन बैंकर फोरम की ओर से हम सभी का सही दिशा में सहयोग होगा। सभी शाखाओं के उपस्थित अध्यक्ष मंत्रियों ने आश्वासन दिया कि वे इस दिशा में भरपूर प्रयास कर अधिक से अधिक राशि शाखा स्तर पर जमा कर उसे केंद्रीय बैंक खाते में जमा कराएंगे ताकि एकमुश्त राशि केंद्रीय कार्यालय से ज्ञानतीर्थ खाते में प्रेषित की जा सके।

हम भाग लेने वाले सदस्यों द्वारा 5 मिनट में ही लगभग ₹2,00 लाख की राशि की घोषणा करना अपने आप में एक अद्भुत प्रयास है एवं आचार्य श्री के नाम से बन रही अद्भुत एवं अनुपम कृति ज्ञान तीर्थ के लिए उनकी भावनाओं का द्योतक है जिसके लिए हम सभी का हृदय से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हैं।

अंत में श्री एसपी जैन राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष द्वारा मीटिंग में भाग लेने वाले सभी सदस्यों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया।

| | | |
|---|---|---|
| केके जैन | जेके जैन | अरुण रपरिया |
| राष्ट्रीय अध्यक्ष | राष्ट्रीय महासचिव | राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष |